RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 106 • 28:04:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## मुसलमान भी हैं माधवी लता के फैन संकट में 'भाईजान'

● **हैदराबाद में कांटे की टक्कर, ओवैसी के लिए अबकी आसान नहीं है राह**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद की लड़ाई इस लोकसभा चुनाव में काफी रोचक हो चुकी है। बीजेपी ने इस सीट से माधवी लता को अपना कैंडीडेट बनाया है। तेलंगाना के सभी 17 लोकसभा सीटों में सबसे हाईप्रोफाइल हैदराबाद में उनका मुकाबला एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से है। यह सीट 1984 से ही ओवैसी परिवार के पास है। माधवी लता अपने बयानों से लोकर अपने सामाजिक कार्यों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में उनकी जमकर तारीफ की थी। 49 साल की माधवी लता पेशे से कारोबारी होने के साथ-साथ समाजसेवी भी हैं और लंबे समय से मुस्लिम-बहुल पुराने शहर में सक्रिय हैं। कोई विशेष राजनीतिक पृष्ठभूमि



नहीं होने के बावजूद माधवी लता अपना सियासी वजूद साबित करने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। पेशेवर भरतनाट्यम नृत्यांगना माधवी लता ने तेलुगु और तमिल फिल्मों में अभिनय भी किया है। वह 2018 में भाजपा में शामिल हो गई और 2019 में आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में गुंटूर पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतरीं। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार मिली। मुस्लिम समाज में लोकप्रिय माधवी लता को उम्मीदवार बनाये जाने का एक कारण यह रहा कि वह मुस्लिम महिलाओं के उत्थान के लिए काम करती हैं और उनके बीच काफी लोकप्रिय हैं। साथ ही प्रखर वक्ता होना भी उनके पक्ष में है। माधवी लता निराश्रित मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक मदद भी करती रही हैं। उन्होंने तीन तलाक के खिलाफ अभियान भी चलाया था। खुद माधवी लता दावा करती हैं कि उन्हें चुनाव में मुस्लिम महिलाओं का सहयोग मिलेगा। माधवी लता का दावा है कि वह एक साल से इस निर्वाचन क्षेत्र में काम कर रही हैं।

# भाजपा ने लोकतंत्र को बचाने वाले संस्थानों को किया कमजोर

## प्रियंका गांधी बोलीं- प्रधानमंत्री मोदी अहंकारी, लोग उनसे डरते हैं

**वलसाड़ (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को गुजरात के वलसाड में कांग्रेस कैंडीडेट अनंत पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका ने मोदी सरकार पर

● **कहा-मेरी दादी-पिता को लोग डांट देते थे, लेकिन वो नाराज नहीं होते थे**

जमकर हमला बोला। प्रियंका ने कहा-पीएम मोदी अहंकारी है। उनके आस-पास रहने वाले लोग पीएम से डरते हैं। मोदी को कोई कुछ नहीं बोल सकता। हम सत्ता में रहे हैं, इसलिए समझते हैं। हमारे परिवार से दो-दो




प्रधानमंत्री रहे हैं। प्रियंका ने कहा- जब मैं छोटी थी तो इंदिरा दादी और पिता राजीव गांधी के साथ घूमने जाती थी। मैं देखती थी कि उनके संसदीय क्षेत्र के लोग उन्हें काम को लेकर डांट देते थे, लेकिन वो नाराज नहीं होते थे, क्योंकि उनमें अहंकार नहीं था। कांग्रेस नेता ने कहा- जिस नेता में अहंकार होता है, उसका पतन निश्चित है। मोदी जी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन उनके पास गरीब जनता के लिए कुछ नहीं है। सरकार के पास जो है, वो अडाणी-अंबानी जैसे करोड़पतियों के लिए है। प्रियंका ने कहा- भाजपा लोगों को कमजोर करने और उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए संविधान को बदलना चाहती है। इसी संविधान ने हमें सभी अधिकार दिया है। भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा- भाजपा ने लोकतंत्र को बचाने वाले संस्थानों को कमजोर किया है। जब हमारी सरकार थी, तो मीडिया हर रोज हमसे सवाल करती थी। किसी ने उन्हें रोका नहीं। जेल में नहीं डाला। आज पूरी मीडिया बिकी हुई है। प्रियंका ने कहा- आज जिन-जिन राज्यों में हमारी सरकार है, वहां हमने अपनी सभी गारंटी को पूरा किया है। अगर आप फिर से मोदी सरकार लाएंगे तो आने वाले पांच साल में भी आपके जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। कोई प्रगति नहीं होगी।

# उत्तराखंड के जंगल में आग बुझाने में अब जुट गए एम-17 हेलीकॉप्टर

**नैनीताल में हाईकोर्ट कॉलोनी के करीब तक पहुंचीं लपटें, सीएम धामी ने बैठक बुलाई**





**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में नैनीताल के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो गई है। 4 दिन से लगी आग की लपटें नैनीताल में हाईकोर्ट कॉलोनी से कुछ दूर तक पहुंच गईं। इसके बाद वन विभाग के कर्मचारी, फायर ब्रिगेड, पुलिस के साथ-साथ सेना के जवान भी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। एयरफोर्स का एम-17 हेलीकॉप्टर से भी पानी की बौछार की जा रही है। लेकिन, गर्मी की वजह से आग लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हल्द्वानी पहुंच गए। उन्होंने अफसरों की एक इमरजेंसी बैठक बुलाई। इसमें आग बुझाने के तरीकों पर मंथन किया जाएगा। प्रशासन के मुताबिक, शुक्रवार को उत्तराखंड में 31 बड़ी आग लगने की घटनाएं हुई हैं। इनमें सबसे बड़ा मामला नैनीताल में भीमताल के नजदीक पहाड़ों का रहा। जंगल में जहां आग लगी है वहां से कुछ दूरी पर आर्मी का क्षेत्र भी है। इसलिए आर्मी भी आग बुझाने में जुटी है। हालांकि, आग अभी कॉलोनी से दूर है। ऐसे में कॉलोनी तक नहीं खाली कराई गई, लेकिन लोगों को अलर्ट कर दिया गया है। शनिवार को एम-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी भरकर पैंसठ क्षेत्र में आग बुझाई। इससे पहले भी 2019 और 2021 में आग लगी थी तो बुझाने के लिए एम-17 हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया था। आग से उठ रहे धुएं में आसपास के लोगों को दिक्कत हो रही है।

# मणिपुर में कुकी उग्रवादियों ने फिर खेला 'खूनी' खेल

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर से फिर हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। नारानसेना इलाके में शनिवार को आधी रात से लेकर 2.15 बजे तक कुकी उग्रवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पर घात लगाकर लगातार हामले किए। इस हमले में दो जवानों की जान चली गई। मणिपुर पुलिस ने कहा कि ये जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के

● **सीआरपीएफ बटालियन पर किया हमला, 2 जवान शहीद**

नारानसेना इलाके में तैनात सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन के हैं। इससे पहले मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बीते बुधवार को एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट होने से इंफाल-माओ राजमार्ग का पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गयी। पुलिस ने कहा कि इंफाल-माओ राजमार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई और पुल के दोनों ओर लगभग 200 वाहन फंसे हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट से पुल में करीब तीन छेद हो गए। गौरतलब है कि तीन मई 2023 से अलग-अलग समय पर विभिन्न कुकी संगठनों द्वारा राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है और मैतेई लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि



धमाके के पीछे किसका हाथ है। यह विस्फोट जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में 26 अप्रैल को लोक सभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में होने वाले मतदान से कुछ दिन पहले हुआ था। इससे पहले 16 अप्रैल को तामेंगलांग में तेल टैंकरों पर संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा गोलीबारी के बाद इंफाल से जिरीबाम राजमार्ग पर आवाजाही बाधित हुई थी।

# मशहूर वकील उज्ज्वल निकम अब बीजेपी की करेंगे 'पैरवी'

**मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से मिला टिकट, पूनम महाजन का पत्ता साफ**

**मुंबई (एजेंसी)।** बीजेपी ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद पूनम महाजन का पत्ता काट दिया है। बीजेपी ने इस सीट से उज्ज्वल निकम की उम्मीदवारी की घोषणा की है। इस सीट से महाविकास अघाड़ी की ओर से वर्षा गायकवाड को उम्मीदवार बनाया गया है। ऐसे में उत्तर मध्य मुंबई में वर्षा गायकवाड़ बनाम उज्ज्वल निकम देखने को मिलेगा। कई सालों तक विशेष सरकारी वकील के तौर पर काम करने वाले उज्जव निकम के नाम पर पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही थी। कानूनी विद्वान के रूप में पहचाने जाने वाले उज्ज्वल निकम ने देश के कई महत्वपूर्ण मामलों में काम किया है। इसमें निकम ने मुंबई पर 26/11 के आतंकी हमले, 1993 के बॉम्बे सीरियल ब्लास्ट केस, खैरलांजी, सोनाई में दलित उत्पीड़न में अहम भूमिका निभाई। उज्ज्वल निकम ने 26/11 मुंबई हमले के दोषी आतंकी अजमल कसाब के खिलाफ केस लड़ा था और उसे फांसी दिलाई थी। इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को असम के गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



**दुर्गापुर में हुई घटना**

# हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय लड़खड़ाकर गिरीं बंगाल की सीएम

● **पिछले महीने घर में गिर जाने से माथे पर चोट लगी थी**

**दुर्गापुर (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलीकॉप्टर में चढ़ने के दौरान लड़खड़ाकर गिर गईं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलीकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलीकॉप्टर के गेट पर उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गईं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। दुर्गापुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं। इसके पहले ममता बनर्जी 14 मार्च को कोलकाता में अपने घर में गिर गई थीं। वर्धमान लोकसभा सीट पर टीएमसी के प्रत्याशी कीर्ति आजाद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के बीच मुकाबला है। ममता 14 मार्च को कोलकाता स्थित अपने घर में गिरने से गंभीर रूप से चोटिल हो गई थीं। टीएमसी ने बताया कि उनके माथे पर गंभीर और गहरी चोट आई थी। इसके बाद भतीजे अभिषेक बनर्जी उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उन्हें कुछ टांके लगे थे। सीएम मीडिया कोऑर्डिनेटर ने बताया था, मुख्यमंत्री अपने घर में चलते हुए फिसल गईं और शो पीस पर गिरने के चलते उन्हें चोट लग गई थी। ममता को इस साल जनवरी में भी सिर पर चोट लगी थी।



## महाराष्ट्र में मुश्किल में फंसी कांग्रेस अपनों ने ही घेरा

● **पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखी चिट्ठी**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री मोहम्मद आरिफ नसीम खान ने पार्टी की कैंपेन कमेटी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखकर इसकी जानकारी दी। नसीम ने कहा- महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों पर महा विकास



अघाड़ी (एमवीए) ने एक भी मुस्लिम कैंडीडेट को टिकट नहीं दिया। गठबंधन को सिर्फ मुसलमानों का वोट चाहिए। मैं लोकसभा चुनाव के बाकी बची सीटों पर पार्टी के लिए प्रचार नहीं करूंगा। मैं कैंपेन कमेटी से इस्तीफा देता हूं। उन्होंने कहा कि पूरे महाराष्ट्र के कई मुस्लिम संगठन, नेता और पार्टी कार्यकर्ता उम्मीद कर रहे थे कि कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय से कम से कम एक उम्मीदवार को टिकट देगी, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। ये सभी पार्टी नेता और कार्यकर्ता अब उनसे पूछ रहे हैं- कांग्रेस को मुस्लिम वोट चाहिए, उम्मीदवार क्यों नहीं। मोहम्मद आरिफ खान मुंबई उत्तर मध्य से टिकट की दौड़ में थे, लेकिन पार्टी ने यहां से वर्षा गायकवाड़ को टिकट दिया है।

● **कहा-एक भी मुसलमान को टिकट नहीं दिया, सिर्फ हमारा वोट चाहिए**

## चांद के 'रहस्यमय' हिस्से में इतिहास रचने जा रहा चीन

● **चांद के अंधेरे हिस्से से नमूना लेकर आएगा चीन का मून मिशन**

**बीजिंग (एजेंसी)।** चांद के रहस्यों से परदा हटाने के लिए चीन अपना एक महत्वाकांक्षी मून मिशन लॉन्च करने जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य चांद के रहस्यमय अंधेरे इलाके से नमूना लाना है। चीन अपने इस मिशन को मई की शुरुआत में लॉन्च करेगा, जिसके लिए लूनर प्रोब चांग ई-6 और इसे ले जाने वाले रॉकेट लॉन्ग मार्च-5 को दक्षिणी चीन के वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण सेंटर पर ले जाया गया है। चीन की सरकारी मीडिया संस्थान ग्लोबल टाइम्स ने इस बारे में जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, चांग ई-6 और लॉन्ग मार्च-5 -8 को क्रमशः जनवरी और मार्च में प्रक्षेपण केंद्र पर लाए जाने के बाद सफलतापूर्वक एसेंबल कर दिया गया है। इसका परीक्षण और शुरुआती काम पूरा हो चुका है। चीन के द्वारा भेजा जाने वाला चांग ई-6 दुनिया का पहला मिशन होगा जो चंद्रमा के अंधेरे हिस्से से सामग्री इकट्ठा करेगा।



**बदल रहा है केरल**

# 'घर' पर ही घिरे सीएम विजयन, लग सकता है बड़ा झटका!

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकसभा चुनावों के बीच बड़ा झटका लगने की आशंका है। सीनियर नेता ई. पी. जयराजन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ वाम दल परेशान

● **सीपीएम के बड़े नेता की बीजेपी में शामिल होने की अटकलें**

दिखे। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपने सहयोगी जयराजन को आगाह किया कि वह अपने संबंधों को लेकर सतर्क रहें। विजयन ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के संयोजक जयराजन को आगाह किया और स्थानीय कहावत का इस्तेमाल करते हुए कहा, 'अगर भगवान शिव किसी पापी से जुड़ जाते हैं, तो शिव भी पापी बन जाएंगे।' सीएम का यह बयान बीजेपी लीडर शोभा सुरेंद्रन की ओर से जयराजन को अपनी पार्टी में शामिल करने संबंधी प्रयास का जिक्र किए जाने के बाद आया। 2 दिन पहले शोभा ने आरोप लगाया था कि एक मध्यस्थ ने शीर्ष माकपा नेता की मदद करने की कोशिश की थी, जो भाजपा में शामिल होना चाहते थे। गुरुवार को उन्होंने दावा किया कि वह नेता ईपी जयराजन थे। कन्नूर में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो हर दिन यह सोचते हुए उठते हैं कि किसे धोखा देना है।



### यह केवल वामपंथ पर हमला करने का तरीका

प्रकाश जावड़ेकर के साथ जयराजन की कथित मुलाकात के बारे में सवाल का जवाब देते हुए माकपा के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने कहा कि लोग किसी से भी मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल वामपंथ पर हमला करने का तरीका और माकपा के खिलाफ एक राजनीतिक साजिश है। गोविंदन ने कहा, 'राजनीतिक नेताओं के रूप में, हम कई लोगों से मिलते रहते हैं। हाल ही में, मैंने एम एम हसन और भाजपा नेता कृष्णदास से मुलाकात की। हम वहां एक टेलीविजन बहस में हिस्सा लेने गए थे। हमारे बीच दोस्ती है, लेकिन हमारे बीच मजबूत राजनीतिक मतभेद हैं। यह व्यक्तिगत संबंध नहीं, बल्कि राजनीति है, जो मायने रखती है।' इस बीच, कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख के. सुधाकरन ने इस मामले पर जयराजन और माकपा की आलोचना जारी रखी। उन्होंने पूछा कि क्या कोई व्यक्ति बिना किसी संबंध के किसी से मिलने जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बदमाश देसी पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की इस्लामपुर पुलिस ने एक बदमाश को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस्लामपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सरकारी नंबर पर एक युवक का हथियार लिए रील प्राप्त हुआ था। इसके बाद वीडियो का सत्यापन कराया गया। वीडियो की जांच के बाद बदमाश को थाना क्षेत्र के हरबंशपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक हरबंशपुर गांव निवासी दानी रविदास का पुत्र आशुतोष कुमार है। जिसके पास से एक देसी पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस बरामद की गई है। बदमाश का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि युवक माफिया ब्रांड नामक सोशल मीडिया पर पेज बनाया हुआ जिस पर वह देसी पिस्टल लेकर उसकी नुमाइश कर रहा है, और बैकग्राउंड में भोजपुरी गाने बज रहे हैं।

### कलाई काटकर भगवान शिव को चढ़ाया खून, फिर दंपति ने की खुदकुशी

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना के दशरथ था इंद्रपुरी में एक दंपति ने खुदकुशी कर ली है। खुदकुशी करने का कारण आपसी विवाद बताया जाता है। बताया जाता है पति ने आत्महत्या करने से पहले पत्नी के हाथ की नस काट दिए थे। उसका खून घर में मौजूद शंकर भगवान की तस्वीर पर चढ़ा दी थी। उसके बाद पति पप्पू राय फंदे से लटक कर आत्महत्या कर लिया। उसके बाद पत्नी ने भी चाकू से हाथ की कलाई काटकर आत्महत्या कर ली। शव बेड पर पाए गए और पप्पू राय का शव पंखे से झूल रहा था। 6 साल की बच्ची ने जब देर रात यह नजारा देखा तो दंग रह गई। उसने अपने परिजनों को फोन किया। परिजनों ने पुलिस को फोन किया। पुलिस वहां पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेजा है। इस दौरान पप्पू राय का एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है। अपने दोस्त पिंटू कुमार के नाम नोट लिखते हुए पप्पू राय ने कहा है- 'दोस्त हम दोनों का शव मिलने के बाद अंतिम संस्कार कर देना और बच्ची को किसी अनाथालय में पहुंचा देना। हमारे परिवार को इसके बारे में नहीं बताना।' परिजनों ने बताया कि पप्पू राय की दूसरी शादी पूजा से हुई थी। 8 माह पहले इनकम टैक्स कॉलोनी से किराए के मकान में दशरथा इंद्रपुरी आया था और यही रह रहा था। तब से पति-पत्नी में विवाद भी चल रहा था। रात में पप्पू राय की पहली पत्नी से गायब उसकी बेटी के सारे कपड़े घर के बाहर फेंक दिया था, जिसे सुबह परिजनों ने देखकर पुलिस को बताया और उस आईडी कार्ड बरामद किया। फिलहाल पूरे मामले की तफ्तीश पुलिस कर रही है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर इसमें पूरा मामला क्या है।

### पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में दिखा जोश महिला मतदाताओं ने बढ चढ कर मतदान में भाग लिया

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के महापर्व में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में जोश दिखा। वहीं महिलाओं ने बढ़चढ़ कर मतदान किया। निर्धारित समय सुबह सात बजे सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर लाइन लगने लगी। पहली बार मतदान करने वाली मनीषा, मंजू, पूजा, ढोलबज्जा पंचायत के तरुण आनंद, शुभम, बाजार की रोशनी भारती ने कहा कि वे देश की लोकतांत्रिक सरकार चुनने के लिए अपना वोट देकर काफी उत्साहित हैं। विकास, रोजगार और शिक्षा के मुद्दे पर वोट किया। बेटी की जन्म लेने पर फलदार वृक्ष लगाने वाले आदर्श ग्राम धरहरा में भी महिलाओं ने जमकर मतदान किया। इस्माईलपुर फुलकिया की वृद्ध आरती देवी और केलाबाड़ी की संतुलासन देवी जो गंगा पार दियारा में रहकर खेती करती हैं। नाव से गंगा पार होकर पैदल इस्माईलपुर बिंद टोली तटबंध पर 10 से 15 किलोमीटर पैदल चलकर इस्माईलपुर स्थित अपने-अपने मतदान केंद्र पर मतदान करने जा रहीं थीं। संजुला के पति उमेश मंडल साइकिल से पत्नी को मतदान कराने गांव जा रहे थे। वहीं मतदान केंद्र संख्या 204 पर इवीएम में खराबी आने से आधा घंटा देर से मतदान शुरू हुआ।

# सारण में रोहिणी आचार्य के खिलाफ ताल ठोकने उतरे लालू प्रसाद यादव

## वार्ड सदस्य से लेकर राष्ट्रपति तक का लड़ चुके हैं चुनाव



**सारण, एजेंसी।** लालू प्रसाद यादव ने बिहार में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए पर्चा दाखिल किया है. लालू प्रसाद यादव चुनावी मैदान में कूद चुके हैं और उन्होंने सारण सीट से रोहिणी आचार्य के खिलाफ ताल ठोकी है. शुक्रवार को लालू ने छपरा में नामांकन दाखिल किया है. लालू का चुनाव लड़ना आम से खास तक के लिए चर्चा का केंद्र बना है. दरअसल ये वाले लालू यादव राजद सुप्रीमो नहीं हैं बल्कि उनके ही हमनाम हैं जो निर्दलीय उम्मीदवार है. आए दिन चुनाव लड़ते हैं और हार का सामना भी करते हैं.

### सारण में लालू यादव ने भरा निर्दलीय पर्चा

बिहार की सारण लोकसभा सीट से सांसद रहे लालू प्रसाद यादव भले ही आज अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के लिए दमखम से लगे हो, लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में उनके नाम की चर्चा जरूर हो रही है. दरअसल, सारण लोकसभा चुनाव के लिए आज से नामांकन का दौर शुरू हो गया है और आज पहले दिन दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. सारण सीट से नामांकन के पहले दिन निर्दलीय प्रत्याशी लालू प्रसाद यादव ने एडीएम शंभू शरण पांडे के समक्ष जबकि दूसरे उम्मीदवार आरती कुमारी ने अपना निर्दलीय नामांकन का पर्चा दाखिल किया. निर्दलीय उम्मीदवार लालू प्रसाद यादव का कहना है कि एनडीए और महागठबंधन के नेताओं से जनता नाराज है. यहां विकास का कोई काम नहीं किया है. अंतिम समय में नेता जनता को झूठे वादे कर बरगाला देती है. जिससे मैं हार जाता है. लेकिन ऐसा इसबार नहीं होगा. जनता का आशीर्वाद मेरे साथ हैं. इसबार मेरी जीत पक्की है.

### लालू को आजतक नहीं मिली जीत

बता दें कि लालू प्रसाद यादव वार्ड सदस्य पद से लेकर राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ चुके हैं. लालू यादव से अपना नाम मिलने को वह सिर्फ एक इत्तेफाक मानते हैं. उनका कहना है कि वे समाज सेवा करते हैं और जिसके लिए वे लोगों से वोट मांगने चुनाव मैदान में उतरे हैं. हर बार अपनी जीत की बात कहते हैं लेकिन आज तक इन्हें जीत नहीं हासिल हुई है, लेकिन इस बार इनका दावा है कि इस बार उनकी जीत पक्की है.

### क्या-क्या संपत्ति है

लालू प्रसाद यादव के पास एक चार पहिया वाहन और एक दो पहिया वाहन है. वहीं लालू प्रसाद यादव के पास ?500000 बैंक में ?100000 नकद और 5 बीघा जमीन है. इसके साथ ही 100 ग्राम के सोना चांदी के गहने भी हैं. वही उनके पांच बेटी और दो बेटा है. जबकि निर्दलीय उम्मीदवार आरती कुमारी के पास एक स्कूटी, एक लाख नकद, 20 ग्राम सोना है.



### पीजी के सेकेंड और थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा शेड्यूल जारी:8 मई से शुरू होगा एग्जाम

**सीवान, एजेंसी।** जेपी यूनिवर्सिटी ने पीजी के सेकंड और थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा की तिथि जारी कर दी है। परीक्षा का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि दोनों सत्र 2020-22 थर्ड सेमेस्टर और 2021-23 सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा एक साथ शुरू होगी। परीक्षा 8 मई से लेकर 14 मई तक ली जाएगी। इसका विस्तृत शेड्यूल वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। साथ ही साथ सभी पीजी कॉलेज और जेपीयू के पीजी विभाग को परीक्षा कार्यक्रम प्रकाशित करने का निर्देश दिया गया है।

#### दो पाली में होगी परीक्षा

सैद्धांतिक विषय की परीक्षा 8 मई से 14 मई के बीच ली जाएगी और प्रैक्टिकल की परीक्षा 22 मई से 30 मई तक ली जाएगी। परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी। जहां पहली पाली में सेकेंड और दूसरी पाली में थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा ली जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह के 9.00 बजे से 12.00 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दिन के 2.00 बजे से लेकर 5.00 बजे के बीच ली जाएगी।



### उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से 9 उम्मीदवारों का पर्चा रद्द

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार देर शाम तक चली। उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से 22 लोगों ने पर्चा भरा था। नामांकन पत्रों की जांच पेक्षक कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में जांच की गई। जांच के दौरान 9 प्रत्याशियों के नामांकन पर्चा को रद्द कर दिया गया। बताया गया निवार्ची पदाधिकारी, अजय कुमार तिवारी के द्वारा सभी नामांकन पर्चा की जांच की गई। जांच के बाद निर्दलीय चंदेश्वर राय 2. आरएसपीआई (एमएल) के चंद्रशेखर राय 3. निर्दलीय विरेन्द्र कुमार राय 4. बिहार जस्टिस पार्टी के राम लगन राय 5. निर्दलीय अरूण कुमार यादव 6. निर्दलीय राम करण पासवान 7. निर्दलीय आमोद कुमार 8. समता पार्टी के अमन कुमार झा एवं 9. निर्दलीय शत्रुध्न साह करा पर्चा जांच के बाद रद्द कर दिया गया। प्रशासनिक स्तर पर बताया गया है कि इन सभी उम्मीवारों का शपथ-पत्र अपूर्ण था। जिस कारण जांच के बाद पर्चा को रद्द कर दिया गया।

**इनका पर्चा पाया गया सही :** राष्ट्रीय जनता दल के आलोक कुमार मेहता 2. जनता राज विकास पार्टी के मनोज कुमार 3. भारतीय जनता पार्टी के नित्यानंद राय 4. सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर आफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के राम पुकार राय 5. जागरूक जनता पार्टी की निक्की झा 6. बहुजन समाज पार्टी के मोहन कुमार मौर्या 7. राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के संतोष राय 8. सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के अंशु कुमार 9. निर्दलीय नारेन्द्र गिरी 10. निर्दलीय संजय पासवान 11. निर्दलीय अमरेश राय 12. निर्दलीय राकेश कुमार व निर्दलीय किशोर कुमार का पर्चा सही पाया गया।

## समोसा खाने गए थे, टोकन-पैसे मांगे तो कर दी फायरिंग

### जमुई में बाल-बाल बचे दुकानदार और कस्टमर

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में गोकुल स्वीट्स में शुक्रवार शाम बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग कर दी। हालांकि, फायरिंग कस्टमर, दुकानदार और स्टाफ बाल-बाल बच गए। दरअसल, विवाद तब बढ़ा जब बदमाश मिठाई और समोसा खाने आए थे। दुकानदार ने उनसे कहा पहले टोकन लें। इसी बात पर बदमाश भड़क गए। फिर दुकानदार ने उनसे पैसे की मांग की और बिना टोकन के अंदर बैठने को कहा। इस पर बदमाश और भड़क गए। उन्होंने कहा- नहीं पहचानते हो, अच्छे से समझा देंगे। फिर वहां से चले गए। दो घंटे बाद बदमाशों ने वापस आकर दुकान में फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना के बाद आस-पास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। दुकानदार ने तुरंत घटना की सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर अपराधियों की पहचान में जुटी है। वारदात आराङ्कसासाराम मुख्य मार्ग स्थित नगर पंचायत गड़हनी की है।

#### दुकान में आए थे दो लड़के

पीड़ित मिठाई दुकानदार अनीश कुमार सिंह ने बताया कि हम अपने दुकान पर हर रोज की तरह बैठे हुए थे। तभी दो लड़के आए और खाने के लिए मिठाई-समोसा मांगने लगे। तभी मैंने कहा कि पहले आप टोकन ले लें। यही सुनकर दोनों लड़के गुस्सा हो गए और बहस करने लगे। कुछ देर बहस होने के बाद दोनों बदमाश मेरे मुंह पर पैसे



फेंक कर चले गए। दो घंटे बाद फिर आए और फायरिंग करने लगे। मौके से तीन खोखे भी मिले हैं। बदमाशों ने मुझसे कहा कि तुम हम लोगों को नहीं पहचानते हो। तुम्हीं को हमलोगों को पैसा देना पड़ेगा। अच्छे से समझा देंगे।

#### जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी

पीड़ित दुकानदार ने कहा कि दो घंटे बीत जाने के बाद फिर से दोनों बदमाश वापस आए और फायरिंग कर दी। मैं अपनी जान बचाकर नहीं भागता तो जान भी जा सकती थी। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे हथियारबंद बदमाश ने एक मिठाई दुकान में फायरिंग की है। थाना प्रभारी रणवीर कुमार ने बताया कि अपराधियों को सीसीटीवी फुटेज से चिह्नित किया जा रहा है। जल्द से जल्द दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## 24 घंटे में अलग-अलग जगह पर चार सड़क हादसा

### भागलपुर में 6 लोग गंभीर रूप से घायल, हादसे में 2 बच्चे भी शामिल



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में सड़क हादसे का सिलसिला का थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जिले भर में बीते 24 घंटे में अलग-अलग जगह चार से अधिक सड़क हादसा हुआ। 24 घंटे में सड़क हादसे में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना शाहकुंड मका है, जहां पर एक ही परिवार के चार लोग सड़क दुर्घटना के शिकार हो गया। आनन फानन में इलाज के लिए गंभीर अवस्था में भागलपुर के मायागंज रेफर कर दिया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

**बाइक- ऑटो की टक्कर :** दूसरी घटना की बात करें तो मोटरसाइकिल पर सवार चौपाई गांव से पति-पत्नी एवं बच्चे सवार होकर शादी समारोह में जा रहे थे। तभी असरगंज मुख्य मार्ग स्थित शक्तिपुर गांव के समीप मोटरसाइकिल और ऑटो रिक्शा में टक्कर हो जाने से मोटरसाइकिल चार लोग जो जख्मी हो गए। इसमें पति-पत्नी के अलावा दो बच्चे शामिल थे। वहीं, ग्रामीणों के सहयोग से चारों जख्मी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हादसा में शिकार हुई प्रीति चौधरी पति नरेश चौधरी पुत्री सृष्टि प्रिया एवं पुत्र अभिषेक कुमार शामिल हैं। सभी तातारपुर थाना क्षेत्र के निवासी थे, असरगंज शाहपुर मुक्ति मार्ग पर वह सड़क हादसे में लाटीपुर गांव से 100 मीटर दूरी आगे अनियंत्रित होकर बोलेरो खाई में जा गिरी। इसमें बोलेरो के परचख्खे उड़ गए। इस दुर्घटना में चालक पुरानी खैरही गांव निवासी 23 वर्षीय अभिषेक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है सड़क दुर्घटना के सिलसिला तेज रफ्तार वाहन चलाने से हो रहा है।।

### मुठभेड़ के आरोपी के खिलाफ 10 साल में गवाह पेश नहीं कर पाई पुलिस, कोर्ट ने किया बरी

**पटना, एजेंसी।** पुलिस टीम पर गोली चलाने के आरोपित के खिलाफ पिछले दस वर्षों में पुलिस और अभियोजन एक भी गवाह कोर्ट में पेश नहीं कर सका। पटना सिविल कोर्ट अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार-2 ने गुरुवार को साक्ष्य के अभाव में आरोपित संजय राय उर्फ लक्ष्मण राय उर्फ राजू को हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के आरोप से बरी कर दिया। फैसले में कहा गया कि इस कांड के अभियोजन गवाहों को कोर्ट में उपस्थित होकर साक्ष्य देने के लिए समन व वारंट भेजा गया। एसएसपी को भी पत्र लिखा गया। इसके बाद भी पुलिस ने इस कांड में पिछले दस वर्ष में एक भी गवाह पेश नहीं कर सकी। साल 20 अगस्त 2009 की शाम को फुलवारीशरीफ पुलिस को सूचना मिली की कुछ अपराधी आरके नगर मोहल्ले में आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए इकह्वा हुए हैं। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अपराधियों की धर-पकड़ के लिए घेराबंदी करने लगी। तभी अपराधी पुलिस टीम पर गोली चलाने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी संजय राय के पैर में गोली लगी और वह जख्मी हो गया। तत्कालीन फुलवारीशरीफ थानेदार ने दर्ज कराया था केस फुलवारीशरीफ थाने के तत्कालीन थानेदार बलराम प्रसाद ने स्वयं घटना के संबंध में केस दर्ज कराया था। घटनास्थल से जिंदा और खाली कारतूस, दो मोबाइल, मोटरसाइकिल और पुलिस की गोली से जख्मी संजय राय के पास कट्टा बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने उक्त आरोपित पर हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत चार्जशीट दायर की थी।

### रेलवे की तर्ज पर हो सकता है मल्टीलेवल पार्किंग का शुल्क

**भागलपुर, एजेंसी।** कचहरी के पास बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग का शुल्क रेलवे की पार्किंग शुल्क की तरह हो सकता है। स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने इस संबंध में मल्टीलेवल पार्किंग बनवा रही कंपनी को सुझाव दिया है। साथ ही बैठक कर जल्द से जल्द पार्किंग की शुरुआत करने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके अनुसार तीन घंटे के लिए दोपहिया वाहन का पार्किंग शुल्क 12 रुपये और चार पहिया वाहन के लिए 30 रुपये हो सकता है। दरअसल, कचहरी चौराहे के आसपास रोजाना काफी संख्या में लोग गाड़ियां लेकर पहुंचते हैं, लेकिन गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से लोग सड़क किनारे ही गाड़ियों को खड़ी करते हैं। इसी वजह से नगर निगम प्रशासन ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर में मल्टीलेवल पार्किंग की योजना बनाई। इसी के तहत कचहरी चौराहे के पास मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया गया है। इस पार्किंग में 44 चार पहिया वाहन और 40 दोपहिया वाहनों को खड़ा किया जा सकता है। इस मल्टीलेवल पार्किंग को बनाने की जिम्मेदारी संभाल रही गुजरात की कंपनी जैनम इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड इसका कई बार सफल ट्रायल कर चुकी है, लेकिन अब तक इसकी पार्किंग का शुल्क निर्धारित नहीं किया जा सका है। इसकी वजह से शहर के लोगों को अब तक इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है।

## गिरफ्तारी आरोपी की मौत के बाद बवाल:लोगों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

### हथियार के साथ फोटो वायरल होने पर पुलिस ने किया था अरेस्ट



**समस्तीपुर, एजेंसी।** जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र में दहशत फैलाने की मकसद से पिस्टल के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल मामले में गिरफ्तार विचाराधीन बंदी मोनू सिंह की दरभंगा के डीएमसीएच में मौत की सूचना के बाद लोगो ने सिंघिया में शुक्रवार रात जमकर बबाल मचाया। लोगों ने आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। इसी दौरान दरभंगा से शव पहुंचने के बाद लोगों ने बापू चौक को जाम कर दिया। जिससे रोसड़ा- दरभंगा पथ पर जाम लग गया। जाम के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रात साढे 11 बजे रोसड़ा की डीएपी सोनम कुमारी के साथ पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाया। परिजनों का आरोप है की मोनू को गिरफ्तार पूछताछ के दौरान पुलिस ने पिटाई की। पुलिस की पिटाई के कारण एक दिन पूर्व मोनू की हालत जेल में बिगड़ गई। उपकारा प्रशासन ने मोनू को उपचार करवाने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जब मोनू की हालत में सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सक ने मोनू को बेहतर उपचार करवाने डीएमसीएच रेफर कर दिया। जहां मोनू ने दम तोड़ दिया। मोनू के चचेरे भाई ने बताया कि इलाज के दौरान मोनू ने बताया था कि पूछ ताछ के दौरान पुलिस के द्वारा काफी पिटाई की गई।

#### डीएसपी ने क्या कहा

रोसड़ा डीएसपी सोनम कुमारी ने बताया कि परिजन पिटाई के कारण मौत की बात कह रहे हैं तो उनके आरोपों की जांच की जाएगी। जांच में सच्चाई सामने आएगी।

#### 14 अप्रैल को को हुई थी गिरफ्तारी

इंस्ट्राग्राम पर पिस्टल लहराते चार युवक की वाइरल फोटो के मामले में पुलिस ने 14 अप्रैल को सिंघिया के मोनू सिंह ,रिशु सिंह को गिरफ्तार किया था। और उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बंगरहट्टा गांव में छापामारी कर रोहित कुमार राय व रुदल पासवान को गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद किया था। जिसके बाद सभी को जेल भेजा गया था। जेल में स्थिति बिगड़ने के बाद पहले उसे रोसड़ा अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहां से सदर अस्पताल भेजा गया। स्थिति में सुधान नहीं होने पर उसे सदर अस्पताल भेजा गया जहां से उसे दरभंगा भेज दिया गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### पाल होटल अग्निकांड में टैटू से हुई मृतक की पहचान

**पटना।** पटना के पाल होटल और अमृत होटल अग्निकांड में मृतक पांचवें शख्स की भी पहचान कर ली गई। मृतक युवक के हाथ पर बने टैटू की तस्वीर देखने के बाद उसके परिजन कोतवाली थाना पहुंचे। मृतक की पहचान तेजप्रताप उर्फ बब्लू ओबरा (औरंगाबाद) निवासी के रूप में की गई है। युवक इंडियन रिजर्व बटालियन का जवान था। तेजप्रताप की बहन पीएमसीएच में कर्मी है और मां सरपंच हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी पुलिस विभाग में हैं। घटना के बाद से तेजप्रताप का मोबाइल बंद आ रहा था। फिलहाल वो झारखंड में पोस्टेड था। पुलिस के अनुसार, मृतक 6 लोगों में से 4 की पहचान पहले ही हो चुकी थी। बचे दो मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इसमें से तेजप्रताप की भी परिजनों ने पहचान कर ली है। अब महिला की पहचान बाकी है। दरअसल, पुलिस ने दोनों मृतकों की पहचान कराने के लिए फोटो जारी की थी। इसके बाद युवक की पहचान के लिए परिजन शनिवार को कोतवाली थाना पर आए। इसके बाद कोतवाली थाने की पुलिस परिजनों को घटनास्थल पर लेकर गई। वहां से बैग, पर्स और अन्य सामान को बरामद किया गया है। इधर, मृतक महिला के पर्स में बिहार पुलिस की वर्दी में कुछ तस्वीर मिली है। इसे पुलिस ने बरामद किया है। साक्ष्य के आधार पर पुलिस परिजनों तक पहुंचने की कोशिश में लगी हुई है। वहीं, पीएमसीएच से भी बॉडी को अगले 72 घंटे तक मॉरचरी में रखने के लिए आवेदन भी दिया गया है। ताकि परिजनों के आने पर बॉडी की पहचान कराई जा सके। वहीं, कोतवाली थानाध्यक्ष राजन कुमार और इंस्पेक्टर शकील अहमद लगातार महिला की पहचाना की कोशिश में है। बैग से मिले सामान के आधार पर परिजनों से संपर्क साधने की कोशिश की जा रही है। पर्स से सीतामढ़ी से संबंधित संबंधित कुछ कागजात मिले हैं।



### महिला को अज्ञात वाहन ने कुचला, सड़क पार करने के दौरान हादसा, मौके पर ही महिला ने तोड़ा दम

**पटना।** पटना के नौबतपुर थाना क्षेत्र के लख के नजदीक शनिवार की सुबह एक अज्ञात वाहन ने एक महिला को कुचल डाला। इस हादसे में महिला की मौत मौके पर ही हो गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नौबतपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही नौबतपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि नौबतपुर थाना क्षेत्र के निसरपुरा निवासी सुरेंद्र मांझी की पत्नी राजधनी देवी 55 वर्ष शनिवार की सुबह शौच के लिए निकली थी। सड़क पार करने के क्रम में अचानक एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। इस हादसे में घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद वाहन वहां से तेजी से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नौबतपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही नौबतपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। घटना की पुष्टि करते हुए नौबतपुर थाना प्रभारी रजनीश कुमार केसरी ने बताया कि महिला की पहचान निसरपुरा निवासी राजधानी देवी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि धक्का मारने वाले वाहन की पहचान की जा रही है घटना के बाद मौके पर घंटे अफरा तफरी का माहौल बना रहा।



### अब साल में 2 बार होगी CBSE बोर्ड की परीक्षा, अगले सत्र से होगा लागू

**पटना।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 11वीं-12वीं के छात्रों को दो भाषा विषय अनिवार्य रूप से पढ़ने होंगे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) स्टूडेंट्स के लैंग्वेज प्रॉब्लम को दूर करने के लिए यह योजना तैयार कर रहा है। अब सीबीएसई लैंग्वेज के पेपर में भी बेसिक और स्टैंडर्ड लैंग्वेज का विकल्प उपलब्ध कराएगा। अभी तक सेकंडरी स्तर पर मैथ्स में ही ऐसी सुविधा है। जो स्टूडेंट्स हायर एजुकेशन में भाषा विषय में अपनी पढ़ाई करना चाहते हैं, वे स्टैंडर्ड का विकल्प लेंगे। जबकि जिन्हें सिर्फ भाषा को पेपर के रूप में पढन्ना होगा, वे बेसिक का विकल्प चुन सकेंगे। अभी तक सीनियर सेकंडरी में छात्रों को एक ही भाषा विषय पढ़ना होता है। वह भारतीय व विदेशी कोई भी भाषा हो सकती है। सत्र 2025-26 से इसे लागू करने की योजना है। नए बदलावों के तहत स्टूडेंट्स को अनिवार्य भाषा में भारतीय भाषा की पढ़ाई करनी होगी। वहीं, सीबीएसई में अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं हो सकती हैं। शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई से इसके लिए तैयारी करने को कहा है। अगले महीने बोर्ड से जुड़े 28 हजार स्कूल प्रिंसिपल से इस बारे में राय ली जाएगी। सीबीएसई से पूछा गया है कि यदि बोर्ड परीक्षा साल में दो बार ली जाए तो संसाधनों का प्रबंधन कैसे होगा और दूसरी परीक्षा साल में कब ली जा सकती है।



### पटना सिटी में लूटपाट गिरोह का सरगना गिरफ्तार, लूटी गई बाइक बरामद

**पटना।** पटना सिटी के आलमगंज पुलिस ने राहगीरों से लूटपाट मामले गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। लूटी गई एक बाइक भी बरामद हुआ है। गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पुरानी कोर्ट के पास 25 और 26 अप्रैल को देर रात्रि लूट की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया था। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आलमंगज थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी शरथ आर एस ने इसकी पुष्टि की है। अपराधी की पहचान पटना सिटी के मीना बाजार निवासी गोलू कुमार के तौर पर हुई है। जो गैंग का मुख्य सरगना था। गैंग के 2 और लोगों की तलाश की जा रही है।



### मनेर में 200 लीटर मिलावटी दूध को किया नष्ट, फूड सेफ्टी विभाग ने दुकान में मारा छापा

**पटना।** दानापुर के मनेर थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर फूड सेफ्टी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मिलावट की शिकायत पर हल्दी छपरा रोड पर एक दुकान में टीम ने छापा मारा। इस दौरान दूध, पनीर और क्रीम का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों से शिकायत मिली थी। जिसके बाद हमारी टीम यहां पहुंची। दुकान रखे दूध में फॉर्मेलिन मिला है। इसी दूध से पनीर और क्रीम निकाला जा रहा है। फॉर्मेलिन की बोतल भी मिली है। जांच के लिए सैंपल भेजा गया है। दूध, पनीर और क्रीम को नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि दूध में काले रंग का केमिकल भी मिलाया गया था। 200 लीटर से अधिक दूध और उससे बने प्रोडक्ट को नष्ट कर किया गया है। दुकान संचालक के पास लाइसेंस भी नहीं है। जांच रिपोर्ट आने पर संबंधित दुकान संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।



# बिना लाइसेंस वाले वेंडर को दुकान लगाने की अनुमति नहीं

## मुख्य सड़कों की जगह लिंक रोड में लगेंगी दुकानें

एजेंसी, पटना।

पटना शहर में नगर निगम से वेंडिंग सर्टिफिकेट प्राप्त फुटपाथी दुकानदार अब अपनी दुकान के आगे प्रमाण पत्र की प्रति लगाकर रोजगार करेंगे। बगैर लाइसेंस के कोई भी दुकानदार फुटपाथ किनारे अपनी दुकान नहीं लगा सकते हैं। फुटपाथ पर सब्जी, फल, कपड़ा, मछली या अन्य सामान का ठेला लगाने वालों दुकानदारों को उसपर अपना नाम और लाइसेंस नंबर लिखना होगा। इसके साथ ही मई के पहले सप्ताह में टाउन वेंडर की बैठक आयोजित होगी।



**वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराया जाएगाः** बेली रोड और बोरिंग रोड में मुख्य सड़क के दोनों ओर बेतरतीब तरीके से लोग ठेला और दुकान लगाते हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। शहर की मुख्य सड़कों के फुटपाथ पर दुकानें नहीं लगेंगी। इन सड़कों से सटे लिंक या सर्विस लेन में फुटपाथ दुकानदारों के लिए व्यवस्था की जाएगी, ताकि जाम की स्थिति नहीं बने। फुटपाथ दुकानदारों को

**अगले महीने टाउन वेंडर की होगी बैठक**

वैकल्पिक व्यवस्था मुहैया कराने के लिए नगर निगम ने आंकलन का काम शुरू कर दिया है। बेली रोड नो वेंडिंग जोन रहेगा। बेली रोड और सचिवालय के सामने सड़क किनारे स्ट्रीट वेंडरों को दुकान लगाने की अनुमति नहीं मिलेगी। वेंडरों को रोजगार करने की सुविधा देने के साथ ही सड़कों पर जाम ना लगे, इसके उपाय किए जाएंगे। बेली रोड के 70 और सचिवालय के सामने के 40 लाइसेंसधारी फुटपाथी दुकानदारों को जल्द ही आसपास की किसी जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा।

**खाकी द बिहार चैप्टर के रियल हीरो की मुश्किलें बढ़ी**

## अमित लोढ़ा के खिलाफ एसवीयू की जांच पूरी, आय से अधिक संपत्ति के सबूत मिले

एजेंसी, पटना।



बिहार कैडर के आईपीएस और खाकी द बिहार चैप्टर वेब सीरीज के रियल हीरो आईजी अमित लोढ़ा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने लोढ़ा के मामले की जांच पूरी कर अभियोजन की स्वीकृति के लिए गृह विभाग को अपनी गोपनीय रिपोर्ट भेज दी है। जांच के लिए निर्धारित छह महीने की समय सीमा से करीब तीन महीने पहले ही एसवीयू ने रिपोर्ट सौंपी है। एसवीयू लोढ़ा की किताब पर आधारित बेव सीरीज बनाने वाली प्रोडक्शन कंपनी फ्राइडे स्टोरी टेलर एलएलपी से अवैध तरीके से पैसा अर्जित करने के मामले में चार्जशीट करेगी। गृह विभाग के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। एसवीयू को इन्वेस्टिगेशन में आय से अधिक संपत्ति के पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं। लोढ़ा की दलील थी कि एफआईआर के पहले प्रारंभिक जांच पड़ताल नहीं की गई। लिहाजा एफआईआर विधिवत नहीं है। उन्होंने किताब लिखने को लेकर क्षेत्राधिकार का भी मामला उठाया था। उनकी दलील थी कि केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान उन्होंने किताब लिखी, लेकिन चूंकि वे बिहार कैडर के आईपीएस हैं इसलिए एसवीयू की प्राथमिकी को सही माना गया। अमित लोढ़ा और फ्राइडे स्टोरी टेलर्स के बीच कहानी के स्वामित्व अधिकार को लेकर करारा हुआ और फ्राइडे स्टोरी टेलर्स ने लोढ़ा की पत्नी को अलग-अलग रकम का भुगतान किया। लोढ़ा के खिलाफ जांच कर रही एसवीयू को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले थे। सूत्रों के अनुसार देश के विभिन्न हिस्सों में अमित लोढ़ा से जुड़े कथित भारी निवेश और कई बैंक खातों के ट्रांजेक्शन से जुड़ी जानकारी इकट्ठा की जानी थी। इसमें 4 से 6 महीने का वक्त लग सकता था। लोढ़ा अपने विरुद्ध एसवीयू की प्राथमिकी को रद्द कराना चाहते थे।

## एनिवर्सरी के दिन 50 हजार के लिए बहू की हत्या

एजेंसी, पटना।

पटना के पालीगंज अनुमंडल में मैरिज एनिवर्सरी के दिन बहू को जहर देकर मार डाला। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए दवाब बना रहे थे। महज 50 हजार रुपए नहीं देने पर ससुराल वालों ने बेटी को मार डाला। घटना दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव की है। मृतका की पहचान प्रशांत कुमार की पत्नी गीता कुमारी (24) के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

**मौत से पहले का वीडियो आया सामनेः** गीता कुमार का एक पुराना वीडियो भी सामने आया है, जो 2 से 3 महीने पहले की है। जिसमें वो ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कह रही है कि



♦ **परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए दवाब बना रहे थे**

घर पर आए पिताजी से नहीं मिलने दिया गया। हमें न्याय चाहिए। हमारे साथ हर दिन मारपीट करते हैं। घर पर भी बात करने से मना कर रखा है। विरोध करने पर मेरे माता-पिता को भी जान से मारने की धमकी देते हैं। अगर हमें कुछ भी होता है, तो इसके जिम्मेदार पति और ससुराल के लोग होंगे।

## अपराधियों ने युवक को मारी गोली, हालत गंभीर, घर लौटने के दौरान वारदात को दिया गया अंजाम

एजेंसी, पटना।

पटना के मसौढ़ी में अपराधियों ने एक युवक को शुक्रवार की देर रात गोलियों से भून डाला। घायल अवस्था में युवक को मसौढ़ी के अनुमंडल अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है। घटना की पुष्टि करते हुए मसौढ़ी के डीएसपी नव वैभव ने बताया कि पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे को देखा जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस मौके पर एफएसएल टीम के माध्यम से भी अपराधियों की पहचान करने में जुट गई है।



**घर लौटने के दौरान हादसाः** मसौढ़ी के कुम्हरार टोली निवासी विशाल कुमार शुक्रवार की देर रात अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में पैदल दो अपराधियों ने उन पर गोलियां चला दी। बताया जा रहा है की गोली विकास कुमार के आंख के नीचे लगी और वह वहीं पर गिरकर छटपटाना लगे। इस बीच अपराधी वहां से फरार हो गए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायल

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

अवस्था में युवक को इलाज के लिए मसौढ़ी के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया है।

**पीएमसीएच रेफर किया गयाः** यहां से डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी देते हुए मसौढ़ी के एसडीपीओ नव वैभव ने बताया कि अपराधियों के द्वारा एक गोली मारे जाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से गोली के खोखे बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि घायल युवक भी पूर्व का अपराधी रहा है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## पटना सिटी में अचानक से गिरा मकान, कई वर्षों से जर्जर स्थिति में था

एजेंसी, पटना।

पटना सिटी चौक थाना क्षेत्र के तख्त श्री हरमंदिर साहब गुरुद्वारा के सामने दो तल्ला मकान शनिवार की दोपहर अचानक भरभराकर गिर पड़ा। मकान के गिरते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। कई लोगों ने भाग कर वहां से जान बचाई। चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि पुराना मकान था। उसके गिरने से फिलहाल कोई हताहत नहीं हुआ है।

**वर्षों से जर्जर स्थिति में हैः** पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र के तख्त श्री हरमंदिर साहब के ठीक सामने पारस का एक दो ताला मकान है। आपसी पारिवारिक विवाद को लेकर मकान का बंटवारा नहीं हो पाया है। जिसके कारण मकान वर्षों से जर्जर स्थिति में है। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के कारण मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण मकान को यूं ही छोड़ दिया गया है। आसपास के लोगों ने बताया



कि पिछले एक-दो दिन से मकान के ईंट गिर रहे थे।

**चिल्लाने लगे लोगः** शनिवार को मकान अचानक जोर की आवाज के साथ सड़क पर गिर पड़ा। मकान के गिरते ही जोर की आवाज होते ही आसपास के लोगों के बीच भगदड़ मच गई। लोग अपनी अपनी जान बचाने के लिए वहां से इधर-उधर भागने लगे। बताया जा रहा है कि तख्त श्री हरमंदिर साहिब में कई दर्शनार्थी तख्त साहब में दर्शन के लिए वहां पहुंचे थे। इस हादसा के बाद वह भी डर कर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चौक थाने को दी। घटना की सूचना मिलते ही चौक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर के लिए आवागमन वहां बाधित हो गया। बाद में लोगों ने मकान के मलबे को किनारे करके आवागमन चालू करवाया।

## 'किलकारी' में कल से समर कैंप

**पटना।** पटना के किलकारी बाल केंद्र में रविवार से समर कैंप की शुरुआत हो रही है। इस कैंप में बच्चों को नृत्य, संगीत, वादन, नाटक, फोटोग्राफी एंड साउंड एडिटिंग, कंप्यूटर, विज्ञान, चित्रकला, हस्तकला, मूर्तिकला, सृजनात्मक लेखन, खेल और फन गेम्स में भाग लेने का मौका मिलेगा। किलकारी की चक धूम-धूम समर कैंप 15 मई तक आयोजित होगी। सभी एक्टिविटी के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। 18 दिनों तक चलने वाले इस कैंप में 9 राज्यों के 12 कलाकार, विशेषज्ञ बच्चों को ट्रेनिंग देंगे।

इसके साथ ही 40 स्थानीय प्रशिक्षक भी बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। 70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे भाग लेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन बिल्कुल फ्री है। नृत्य में बच्चे बिहार की लोक संगीत परंपरा, तिरुवाथिरा लोक नृत्य (केरल), फ्री स्टाइल डांस, रोप डांस आदि सीखेंगे। चित्रकला में पटना कलम चित्रकला, पट्ट चित्र, मधुबनी, स्केचिंग, सब्जी प्रिंट, फेंस पेंट आदि सीखने का मौका मिलेगा।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**सड़क पार करने के दौरान ट्रक ने मारी टक्कर, मौत के बाद लोगों ने किया प्रदर्शन**

एजेंसी, पटना।

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग रोड क्रॉस कर रहे थे। इस दौरान ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दिया। ठोकर इतनी तेज थी कि बुजुर्ग कुछ दूर जा गिरे। इसके बाद ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों और आसपास के लोग हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। लोगों को समझा कर सड़क खाली कराया। साथ ही ट्रक को जब्त किया गया है।

**मृतक की हुई पहचानः** कंकड़बाग थाना क्षेत्र के जकनपुर बाइपास के पास दिन में सड़क दुर्घटना हुई। इसमें सड़क पार कर रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामचंद्र प्रसाद 70 वर्षीय अशोक नगर रोड नंबर-14 A के रहने वाले के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुजुर्ग



बहुत तेज नही चल पाते है। बहुत देर रुकने के बाद वो सड़क पार कर रहे थे। तभी बेऊर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को रौंद दिया।

**क्या बोले कंकड़बाग थानाध्यक्षः** कंकड़बाग थानाध्यक्ष नीरज ठाकुर ने बताया कि सड़के हादसे में बुजुर्ग की मौत के बाद लोग सड़क जाम कर के प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है साथ हीं ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# फायर ऑडिट के लिए नहीं होगा आवेदन का इंतजार

## नियमों में बदलाव की तैयारी कर रही बिहार फायर सर्विस, गृह विभाग से मांगी जाएगी मंजूरी

एजेंसी, पटना।

बिहार में फायर ऑडिट के नियमों में बदलाव होगा। अब तक लोग अपने बिल्डिंग, होटल या दूसरे प्रतिष्ठानों का फायर ऑडिट करवाने के लिए खुद से आवेदन बिहार फायर सर्विसेज को देते थे। आवेदन मिलने के बाद फिर फायर सर्विसेज की टीम जाती है और ऑडिट करके रिपोर्ट तैयार करती है। साथ ही मानकों के आधार पर बदलाव करने का सुझाव अपने रिपोर्ट के तहत देती है। पर आने वाले दिनों में ऐसा नहीं होगा। क्योंकि, तंग गलियों या मेन रोड पर ही संकीर्ण बिल्डिंगों में चलने वाले होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग और हॉस्टलों व दूसरे प्रतिष्ठानों की फायर ऑडिट खुद से फायर सर्विसेज की टीम जाकर करेगी। इसके लिए बहुत जल्द ही नियमों में बदलाव किया जाएगा और इस संबंध में एक लेटर गृह विभाग को भेजकर उनसे मंजूरी मांगी जाएगी। इसकी पुष्टि बिहार होमगार्ड व फायर सर्विसेज की DG शोभा ओहटकर ने की है।

**एक महीने में सुधार नहीं होने पर बिल्डिंग हो जाएगी सीलः** गुरुवार को पटना के पाल होटल में हुए अग्निकांड ने सबको हिलाकर रख दिया है। इस कांड में 6 लोगों की मौत हो चुकी है। अगर फायर सर्विसेज की टीम समय पर अपना ऑपरेशन शुरू नहीं करती तो मरने वालों की संख्या इससे अधिक हो सकती थी। इस दर्दनाक हादसे ने बिहार के अंदर फायर ऑडिट के सरकारी नियमों में बदलाव के लिए बड़ा कदम उठाने की ठोस वजह दे दी है। राजधानी में कई ऐसे कंजस्टेड बिल्डिंग है, जिसमें एक टाइम में सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद होते हैं। जहां पाल होटल जैसा हादसा होने पर लोगों के सुरक्षित निकलने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। वहां फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। ऑडिट के लिए



नियमों में बदलाव की मंजूरी मिलते ही फायर सर्विसेज की टीम खुद से ही पहचान कर ऑडिट के लिए पहुंच जाएगी। फिर जिस बिल्डिंग में होटल, स्कूल, कोचिंग, कॉलेज या दूसरे प्रतिष्ठान चल रहे होंगे, उसके मालिक को नोटिस दिया जाएगा। उस नोटिस में बिल्डिंग के अंदर फायर फाइटिंग को लेकर जो भी कमियां हैं, उसके बारे में बताया जाएगा। साथ ही लोगों के जान-माल की सुरक्षा के लिए एक महीने का वक्त सुधार के लिए दिया जाएगा। तय समय में मानकों के तहत सुधारात्मक उपाए नहीं हुए तो फिर फायर सर्विसेज खुद से कड़े कदम उठाएगी और वैसे बिल्डिंग व प्रतिष्ठानों को सील कर देगी।

**सख्त कदम इसलिए भी है जरूरीः** पटना जंक्शन के पास जिस पाल होटल में आग लगी और 6 लोगों की मौत हुई, उसका लास्ट फायर ऑडिट 2021 में हुआ था। करीब तीन सालों से उसके मालिक ने अपने होटल का फायर ऑडिट करवाया ही नहीं था। साथ ही ऑडिट के बाद बदलाव के लिए जो निर्देश दिए गए थे, उसका भी पालन उसने किया ही नहीं। फायर सर्विसेज की DG के अनुसार सरकारी बिल्डिंगों का समय-समय पर खुद से हमारी टीम जाकर ऑडिट करती है। लेकिन, प्राइवेट बिल्डिंग और प्रतिष्ठानों के ऑडिट के लिए आवेदन का इंतजार करना पड़ता है। इसलिए ऑडिट के नियमों में बदलाव जरूरी है। होम डिपार्टमेंट से मंजूरी मिलने के बाद मुंबई के तर्ज पर एक एजेंसी को हायर किया जाएगा। जो फायर ऑडिट करेगी। फिर उसके रिपोर्ट को हमारी टीम क्रॉस चेक करने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

**लगाना होगा वाटर हाइड्रेंटः** पाल होटल जैसी घटना को रोकने के लिए जिस बिल्डिंग में फायर फाइटिंग के संसाधनों की कमी होगी, वहां हर हाल में वाटर हाइड्रेंट बनाने को कहा जाएगा। खासकर उन बिल्डिंगों में जो शहर के तंग गलियों में स्थित हैं। जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी को पहुंचने में परेशानी होगी। ऐसे बिल्डिंगों में आग लगने पर वाटर हाइड्रेंट के जरिए कम समय में आग पर काबू पाया जा सकता है। इससे नुकसान भी बहुत कम होगा। इसके अलावा भी कई और ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु हैं, जिस पर सुधार के लिए काम शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में पटना में सभी फायर स्टेशन के हेड को मुख्यालय बुलाया गया था और उनके साथ शुक्रवार को एक मीटिंग भी की गई।

# बिपार्डब के प्रशिक्षु अफ़सरों ने कंचनजंगा की चोटी पर चढ़ाई की

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र



नवनियुक्त अफ़सरों को प्रशिक्षण देने के लिए सरकार द्वारा गया में स्थापित बिपार्ड (बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान) संस्था से 800 में से शारीरिक दक्षता के आधार पर चुने हुए छप्पन नवनियुक्त अफ़सरों की टीम ने सिक्किम में गोचला ट्रेक पर 15,100 फ़ीट की ऊँचाई तय कर बिहार का नाम रौशन करने का काम किया है। प्रशिक्षुओं की टीम युकसोम से लगभग 92 किमी लंबा सफर तय करते हुए 15,100 फीट की ऊंचाई पर स्थित व्यूप्वाइंट वन तक पहुँचे। यह माउंट कंचनजंगा के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से के करीब हैं, जो दुनिया का तीसरा सबसे ऊंचा पर्वत है। बड़ी बात है कि इसमें 15 नवनियुक्त महिला अफ़सर भी शामिल है। प्रशिक्षुओं को दो टीमों में बांटकर 12 दिनों में इस उपलब्धि को हासिल किया गया। इस ट्रैक का मक़सद मानसिक तथा शारीरिक क्षमता का विकास करना है। विषम से विषम परिस्थितियों में भी कैसे धैर्य के साथ आगे बढ़ते हैं तो वह इस ट्रैक से प्रशिक्षुओं ने सीखा। प्रशिक्षुओं का मनोबल ऊँचा हो और वह अपने अंदर की मजबूती तथा कमजोरी को जाने इसके लिए ही इस ट्रैक की अवधारणा रखी गई है। पहली टीम का नेतृत्व पीटीआई दिनेश कुमार ने किया। दूसरी टीम का नेतृत्व पीटीआई छोटेलाल सिंह ने किया। प्रशिक्षुओं में से पहली टीम के लीडर अशरफ आलम तो दूसरी टीम का लीडर अजय कुमार सिंह को बनाया गया। सिक्किम रवाना होने से पहले बिपार्ड गया के डिप्टी डायरेक्टर चेत नारायण राय, सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर आर्य गौतम, असिस्टेंट डायरेक्टर दीपक कौशिक ने झंडा दिखा कर विदाई दी।

**दो महीना के अथक प्रशिक्षण के बाद संभव हो पाया:** सभी चयनित प्रशिक्षुओं को दो महीना के कड़ी परिश्रम के बाद इस ट्रैक के लिए तैयार किया गया। रोज सुबह 12 किलोमीटर और शाम में लगभग छः किलोमीटर दौड़ना होता। साथ ही अलग-अलग तरीक़े के व्यायाम भी करना पड़ता। बीच-बीच में प्रतिस्पर्धा दौड़ भी होती रही। ब्रह्म योनि पर्वत पर दस किलोग्राम वजन के साथ भी सभी प्रशिक्षुओं को दौड़ाया गया। जिससे कि उन्हें वजन लेकर चलने में परेशानी ना हो। बीच में जो शारीरिक रूप से अनफिट हुए वे टीम से अलग होते गए। इस तरह से अंतिम रूप से 56 प्रशिक्षु बचे। जिन्होंने इस कठिन लक्ष्य को पूरा किया।

**कंफर्ट ज़ोन से बाहर आकर ही सफलता मिलती है: दिनेश कुमार-** टीम वन के इंस्ट्रक्टर पीटीआई एक्स आर्मी मैन दिनेश बताते हैं कि कंफर्ट ज़ोन से बाहर आकर ही कुछ सीखने को मिलता है। अगर इंसान में चाहत हो तो वह क्या कुछ नहीं कर सकता है। ऊँचे से ऊँचे ऊँचाई को वह छू सकता है। कहा भी गया है कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। दो महीना के अथक मेहनत के बाद यह सफलता मायने रखता है। यह ऊर्जा प्रशिक्षुओं को भविष्य में बहुत काम आएगा।

**टीम के प्रत्येक सदस्य को साथ लेकर चलना चुनौती था: छोटेलाल-** टीम टू के इंस्ट्रक्टर पीटीआई एक्स आर्मी मैन छोटेलाल सिंह पूरे जोश के साथ बताते है जिस तरह से हमने सभी चयनित प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग दी मुझे पूरा विश्वास था इसमें से हर सदस्य सफलतापूर्वक ट्रैक पूरा करेगा। ऐसा हुआ भी। जब सारे लोग ऊँचाई तक पहुँच गए तो मैं ख़ुद को नहीं रोक पाया और भावुक होकर मेरे आँसू छलक आए। कठिन मेहनत और तप का परिणाम यही होता है। मैं बिपार्ड के तमाम लोगों का आभारी हूँ जिन्होंने मुझ पर भरोसा कर के यह दायित्व मुझे सौंपा। आप अगर एडवेंचर में रुचि रखते हैं तो कभी भी ट्रेनिंग में काम चोरी नहीं करें। आर्मी का एक वसूल है कि ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा जब जंग होगी तो उतना ही कम खून बहेगा। यह बात सब जगह लागू होता है इसलिए ट्रेनिंग का बहुत महत्व है। हमने ट्रेनिंग पर इसलिए बहुत ज़ोर दिया।इसका परिणाम रहा कि शत प्रतिशत सफलता हमें प्राप्त हुई।

## मटकोर में जेसीबी से किया माटी की कोडाई का रश्म



चाण्क्य भूमि मझौलिया

- **मामला बखरिया के कुर्मी टोला का बताया जा रहा है मझौलिया में दूसरी बार ऐसा मामला हुआ है उजागर उजागर**

फैशन की बदलती दुनिया मे लोग परंपरा को भूल रहे है। एक पखवाड़ा के अंदर शुभ विवाह के अवसर पर दूसरी बार मझौलिया प्रखण्ड क्षेत्र में जेसीबी से मिट्टी कोडाई की दूसरी घटना एकबारगी चर्चा में आई है।पहले शादी समारोह में महिलाओं के द्वारा मटकोर के रश्म में मंगल गीत गाया जाता था।जो मनमोहक लगता था।बाजा बजा रहे जाति विशेष के लोगो को गाली दी जाती थी और नेग भेंट किया जाता था।जिस कुदाल से मिट्टी कोड़ा जाता था,उसकी पूजा की जाती थी।।मांग बोहराई के साथ सुहागिन महिलाओं को खोइचा में चना वितरण किया जाता था।जबतक जाति विशेष के लोग तासा लेकर नही आते यह रश्म नही होता था।अब फैशन बदल गया है।जेसीबी से मिट्टी कोडाई संपन्नता का प्रतीक माना जा रहा है। मझौलिया के बखरिया पंचायत के वार्ड नम्वर 2 में निक्कु पटेल के पुत्र मनीष कुमार की मटकोर के रश्म में जेसीबी से माटी कोड़ा गया। देखने के लिए महिलाओं व पुरषो की भीड़ उमड़ी।बताते चले कि इसके पूर्व बैठनिया भनाचक पंचायत के गुरचुरवा में जेसीबी से मिट्टी कोडाई करते वीडियो वायरल हुआ था।

## पटजीरवा में 29 अप्रैल से होने वाले महायज्ञ को लेकर तैयारी पूर्ण



चाणक्य भूमि बैरिया

**बैरिया** प्रखंड क्षेत्र के शक्ति पीठ पटजिरवा माई स्थान पर 29 अप्रैल से महायज्ञ होगा । इस महायज्ञ की तैयारी अंतिम दौर मे पहुँच गयी है । इस महायज्ञ को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है । बताया जाता है कि सिद्ध पीठ पटजिरवा धाम में 29 अप्रैल से 7 मई 2024 तक आयोजित होने वाली महायज्ञ की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है । महायज्ञ समिति के संयोजक यज्ञ संबंधित व्यवस्थाओं को बेहतर करने मे लगे हुए हैं । अयोध्या शिव महा संत रामेश्वर दास जी महाराज एवं सिद्ध पीठ पटजिरवा धाम के विकास के लिए वर्षों से तत्पर रहने वाले सेवानिवृत्ति प्राचार्य एवं समाजसेवी सुनील द्विवेदी के मार्गदर्शन में महायज्ञ की तैयारी हो रही है । महा यज्ञ समिति की तैयारी समीक्षा शनिवार को सिद्ध पीठ पटजिरवा धाम परिषद में हुआ। रामेश्वर दास महाराज एवं सुनील दुबे ने श्रद्धालु भक्तों से अपील किया कि 29 अप्रैल को शोभायात्रा में शामिल होकर महा यज्ञ प्रारंभिक चरण को सफल बनाए । इस महायज्ञ को लेकर चारो तरफ जनजागरूकता भी किया जा रहा है ।

## हर्ष फायरिंग के दौरान युवक घायल पुलिस जांच में जुटी

चाणक्य भूमि बेतिया

हर्ष फायरिंग के दौरान युवक ने अपने ही पेट और हाथ में गोली मार ली है घटना लौरिया थाना क्षेत्र की गोनौली डुमरा पंचायत के परोराहा गांव की है। जानकारी के अनुसार विवाह में आर्केस्ट्रा पर गाना बज रहा था। इसी दौरान गोलू ने कमर में रखे लोडेड कट्टा को फायरिंग करने के के लिया निकाला तभी ट्रिगर दब जाने से उसके पेट और दोनों हाथों में गोली लग गई है। घटना की सूचना पर पहुंचीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि घायल की पहचान परोराहा गांव निवासी राजेंद्र यादव के 22 वर्षीय पुत्र गोलू यादव के रूप में हुई है। हालाँकि एक मजदूर के पास कट्टा कहा से आया यह जाँच का विषय है फिलहाल घायल युवक पटना में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

## मझौलिया डाकघर में एक पखवाड़ा से आधार कार्ड का निर्माण बाधित

चाण्क्य भूमि मझौलिया

सर्वर में गड़बड़ी को लेकर उपडाकघर मझौलिया में बिगत एक पखवाड़ा से आधार कार्ड का निर्माण बंद हो गया है। नतीजतन आधार कार्ड बनवाने वाले लोगों को घोर परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। उप डाकपाल दयानंद तिवारी और आधार कार्ड के निर्माता ग्रामीण डाकपाल अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि सर्वर की मरमम्त का कार्य जारी है।सरवर ठीक होते ही पूर्व की भांति आधार कार्ड का निर्माण शुरू हो जायेगा।बताते चले कि प्रतिदिन लोग आधार कार्ड का निर्माण व संशोधन के लिये डाकघर का चक्कर लगा रहे है।

## नाबालिग से बुलाकर रेप करने का मामला उजागर हुआ

चाणक्य भूमि बेतिया

**मझौलिया** थाना के पारस पकड़ी बाजार निवासी प्रदीप कुमार द्वारा एक नाबालिक से अपने घर बुलाकर उसके साथ यौनाचार किया है । जानकारी के अनुसार प्रदीप का युवती से पूर्व से ही परिचय था। शुक्रवार की रात करीब आठ बजे आरोपी युवक पीड़िता को बुलाकर सरेह में ले गया और उसके साथ रेप किया। पीड़िता द्वारा घर पहुँचकर इसकी जानकारी परिजनों को दी जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि लड़की की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार किया गया है। और मामले की जाँच की जा रही है।

## देशी शराब का विनष्टीकरण किया गया

चाण्क्य भूमि

**राजापाकर**। राजापाकर थाना परिसर में राजापाकर थाना एवं बरांटी थाने में जप्त देशी शराब का विनष्टीकरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार राजापाकर थाना के कांड संख्या 49/24 में 8 लीटर, 91/ 24 में 98 लीटर, तथा 66/24 में 48 लीटर कुल 154 लीटर देसी शराब का विनष्टीकरण किया गया। वहीं बरांटी थाना के कांड संख्या 87/24 में 3 लीटर, 99/24 में 23 लीटर, एवं 29/24 में 28 लीटर कुल 54 लीटर देसी शराब का विनष्टीकरण किया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी गौरव कुमार व थानाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह की उपस्थिति में दोनों थाने में जप्त देसी शराब का विनष्टीकरण किया गया।

## सेनुअरिया में लगी आगदो घर जलकर नष्ट

चाण्क्य भूमि मझौलिया

**मझौलिया** प्रखंड अंतर्गत सेनुवरिया पंचायत के वार्ड नंबर 2 में शनिवार को दोपहर विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग में मुन्ना पासवान का दो झोपड़ी नुमा घर जलकर राख हो गया।आग लगने की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दस्ता के प्रयास से आग पर काबू पाया गया।वार्ड सदस्य रम्भा देवी ने बताया कि घर के सभी लोग बगीचा में गये थे तभी बिजली शर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई।जिससे घर में रखा गया अनाज, बर्तन, कपड़ा, नगदी तथा गहना सब कुछ जलकर राख हो गया।घटना की खबर उन्होंने अंचल अधिकारी को देकर पीड़ित परिवार को तत्काल राहत देने की मांग की है।

## पुलिस ने ट्रक से 1 क्विंटल गांजा के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार



चाणक्य भूमि मोतिहारी

गुप्त सूचना के आधर पर कारवाई करते हुए मोतिहारी पुलिस ने पखनहिया चौक के पास छापेमारी की गई जिसमें बीआर06जीएफ-4904 नंबर की ट्रक से 22 पैकेट में रखे 123 किलो गांजा जब्त किया गया। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान पहचान नेपाल के बारा जिला के परसौनी निवासी दुखी मियां के पुत्र मुसाफिर हवारी के रूप मे हुई है। बरामद माल का मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में 25 लाख रुपया है।

## दो बाइक की टक्कर में एक महिला की मौत तीन घायल

चाणक्य भूमि बेतिया

शनिवार को बेतिया-अरेराज मार्ग पर दो बाईक की आमने सामने हुई टक्कर में जहां एक महिला की मृत्यु हो गई वहीं तीन अन्य घायल हो गए जिसमे से एक की हालत गंभीर है जिसे डॉक्टरों ने बेहतर ईलाज के लिये पटना रेफर कर दिया है। मृत महिला की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कठैया बिशनपुरवा निवासी रवि कुमार की पत्नी रंभा देवी के रूप मे हुई है जो आंगनबाड़ी सेविका का काम करती थी। घायलों की पहचान रंभा के 25 वर्षीय बेटे आकाश कुमार, गहरी निवासी गोविंद कुमार और उसके दोस्त बहुअरवा गांव निवासी हैदर आलम के रूप में की गई है। गंभीर रूप से घायल आकाश कुमार को जीएमसीएच के चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए पटना रेफर कर दिया है।

# मारवाड़ी युवा मंच ने राधा मोहन सिंह को किया सम्मानित

चाणक्य भूमि मोतिहारी



**पूर्वी चंपारण** लोक सभा क्षेत्र से 2024 के लोक सभा चुनाव हेतु प्रत्याशी बनाए जाने पर सांसद राधा मोहन सिंह को पुष्प-गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर उनका सम्मान मारवाड़ी युवा मंच के तरफ से किया गया, इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को मिठाई खिला कर उनका मुंह मीठा किया गया।इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच मोतिहारी के अध्यक्ष युवा यमुना सिकरिया, उपाध्यक्ष युवा शैल जैन, सचिव युवा अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष युवा राहुल अग्रवाल, सहसचिव युवा प्रतीक केडिया, सदस्य केशव सिंघानिया, बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के उपाध्यक्ष युवा कृष्णा राजगढ़िया एवं शाखा पूर्व अध्यक्ष सह रक्तदान समूह मोतिहारी संस्थापक अनिरुद्ध लोहिया उपस्थित थे।सभी सदस्यों ने मा0 सांसद महोदय को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी और उनके साथ साथ पूरे संसदीय क्षेत्र के उज्वल भविष्य की कामना की।जानकारी यमुना कुमार सिकरिया अध्यक्ष मारवाड़ी युवा मंच मोतिहारी शाखा ने दी।


































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714